गूगल करेगा मध्यप्रदेश में निवेश

गूगल के एशिया पैसिफिक क्षेत्र के प्रेसिडेंट के साथ मप्र के अफसरों ने की बैठक

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 20 जनवरी. गूगल के एशिया पैसिफिक क्षेत्र के प्रेसिडेंट संजय गुप्ता के साथ दावोस में मंगलवार को मप्र के अधिकारियों ने बैठक कर राज्य में आईटी, आईटीईएस सेक्टर और मौजूदा प्रस्तावित डेटा सेंटर परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की.

गुप्ता ने मध्यप्रदेश में आईटी, आईटीईएस और डेटा सेंटर में निवेश की रूचि दिखाई. बैठक में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला सहित अधिकारी उपस्थित रहे. गूगल की ओर से राज्य में जेमिनी एआई के माध्यम से कृषि एवं शिक्षा क्षेत्रों में नवाचार और डिजिटल समाधान लागू करने की संभावनाओं पर भी विचार साझा किए गए.

बैठक में राज्य शासन द्वारा आईटी एवं डेटा सेंटर परियोजनाओं के लिए पर्याप्त एवं सतत विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु हरित ऊर्जा आधारित नीति तैयार करने की योजना से अवगत कराया गया.साथ ही, गूगल जैसी वैश्विक कंपनियों की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने की मध्यप्रदेश की क्षमता, अनुकूल नीतिगत ढांचा और सहयोगी दृष्टिकोण को भी रेखांकित किया गया. गूगल के एशिया पैसिफिक क्षेत्र के प्रेसिडेंट संजय गुप्ता ने आईटी अवसंरचना, डिजिटल नवाचार और कौशल विकास के माध्यम से मप्र को एक उभरते तकनीकी केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में सहयोग दिए जाने पर सहमति व्यक्त की.

भू-अर्जन में मुआवजे की गणना फैक्टर तय करने समिति गठित

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल. प्रमुख सचिव राजस्व विवेक कुमार पोरवाल ने बताया कि मप्र शासन द्वारा भू-अर्जन अधिनियम, 2013 के तहत विभिन्न परियोजनाओं के लिए भू-अर्जन में मुआवजे की गणना फैक्टर के निर्धारण के संबंध में समिति का गठन किया गया है. यह समिति लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह की अध्यक्षता में गठित की गई है. जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य काश्यप समिति के सदस्य हैं. प्रमुख सचिव पोरवाल ने बताया कि समिति द्वारा इस विषय पर जन मानस से सुझाव आमंत्रित किए गए हैं. इच्छुक व्यक्ति अपने सुझाव 30 जनवरी 2026 को सायं 5 बजे तक ई-मेल आईडी पर भेज सकते हैं. यदि कोई व्यक्ति समिति के अध्यक्ष से इस विषय में प्रत्यक्ष रूप से मिलना चाहता है, तो वह अपनी प्रस्तावित तिथि एवं समय भी इसी ई-मेल आईडी पर भेज सकता है.

श्रीलंका की कंपनी को मप्र में निवेश का दिया न्यौता

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 20 जनवरी. वर्ल्ड इकोनॉमिक दावोस यात्रा के दूसरे दिन प्रमुख सचिव तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार मनीष सिंह ने श्रीलंका के प्रतिष्ठित औद्योगिक समूह जॉन कील्स होल्डिंग्स पीएलसी के चेयरमैन कृष्णन बालेंद्र के साथ मीटिंग की. उन्होंने राज्य में निवेश एवं सहयोग की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की. इस दौरान श्रीलंका की कंपनी को मप्र में निवेश का न्यौता दिया गया.

बैठक में लॉजिस्टिक्स, हॉस्पिटैलिटी, खाद्य प्रसंस्करण एवं पर्यटन जैसे प्रमुख क्षेत्रों में मध्यप्रदेश में उपलब्ध अवसरों पर विचार-विमर्श किया गया. राज्य सरकार द्वारा निवेश को प्रोत्साहित करने हेतु लागू नीतियों एवं उपलब्ध प्रोत्साहनों की जानकारी भी प्रतिनिधिमंडल के साथ साझा की गई.

जॉन कील्स समूह ने भारतीय कंपनियों के साथ अपने मौजूदा व्यावसायिक जुड़ाव तथा भारत में विभिन्न टाई-अप्स के माध्यम से अपने व्यापार की जानकारी दी. प्रमुख सचिव सिंह ने राज्य की अनुकूल निवेश नीति, मजबूत अवसंरचना, कुशल मानव संसाधन एवं उद्योग-अनुकूल वातावरण को रेखांकित करते हुए जॉन कील्स समूह को राज्य में निवेश के लिए आमंत्रित किया.

जिले में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर शुष्क दिवस घोषित

रायसेन. कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अरुण कुमार विश्वकर्मा के निर्देश पर सहायक आयुक्त आबकारी दीपक अवस्थी ने गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को रायसेन जिले में शुष्क दिवस घोषित किया है. जिले की सभी कम्पोजिट मदिरा की फुटकर दुकानें, एफएल-2, एफएल-3, एफएल-7 पूर्णतः बंद रखे जाने के साथ ही मदिरा उत्पादन इकाई लायसेंस डी-1, बी-3, एफएल-9, एफएल-9ए, सीएस-1बी में उत्पादन को छोड़कर आयात-निर्यात एवं परिवहन पूर्णतः बंद रहेगा.

प्रशिक्षु डॉक्टरों ने देखा डॉ. कार्सन का संघर्ष

प्रशासन अकादमी में अंग्रेज़ी फ़िल्म 'गिफ्टेड हैंड्स : द बेन कार्सन स्टोरी' का प्रदर्शन

भोपाल, 20 जनवरी. चिकित्सा शिक्षा के साथ मानवीय संवेदनाओं और आत्म-अनुशासन के महत्व को रेखांकित करती प्रेरक अंग्रेज़ी फ़िल्म 'गिफ्टेड हैंड्स: द बेन कार्सन स्टोरी' का विशेष प्रदर्शन प्रशासन अकादमी के मिनी थिएटर में आयोजित किया गया. 2009 की यह फ़िल्म एक सत्य-घटना पर आधारित बायोग्राफी फ़िल्म है, जो एक संघर्षपूर्ण बचपन से निकलकर जॉन्स हॉपकिन्स अस्पताल के विश्वप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन बनने तक डॉ. बेन कार्सन की प्रेरक यात्रा को दर्शाती है.

यह प्रदर्शन विशेष रूप से प्रशिक्षु डॉक्टरों के लिए रखा गया था, जिससे उपस्थित मेडिकल ऑफिसर्स गहराई से प्रभावित हुए. सिने' क्लासिक के सहयोग से आयोजित इस फ़िल्म प्रदर्शन में बड़ी संख्या में डॉक्टरों और चिकित्सा से जुड़े प्रतिभागियों ने सहभागिता की. 86 मिनट की इस जीवनीपरक फ़िल्म ने एक साधारण और संघर्षपूर्ण बचपन से निकलकर विश्वविख्यात न्यूरोसर्जन बनने तक डॉ. बेन कार्सन की यात्रा को संवेदनशील और प्रेरणादायी ढंग से प्रस्तुत किया. फ़िल्म के दौरान अनुशासन, निरंतर परिश्रम, नैतिक ज़िम्मेदारी और मानवीय दृष्टिकोण जैसे मूल्यों ने प्रशिक्षु डॉक्टरों को विशेष रूप से प्रभावित किया. कई प्रतिभागियों ने फ़िल्म को न केवल एक प्रेरक कहानी बल्कि चिकित्सा पेशे के लिए एक नैतिक मार्गदर्शक बताया.

फिल्म बिना अतिनाटकीयता के दृढ़ता और संवेदनशीलता को दर्शाती हैं. निर्देशक थॉमस कार्टर प्रेरणादायी लेकिन संतुलित दृष्टिकोण अपनाते हैं, जिससे फ़िल्म भावनात्मक रूप से प्रभावी बनी रहती है. फ़िल्म का छायांकन सरल लेकिन प्रभावी है, विशेषकर अस्पताल और सर्जरी के दृश्यों में, जहाँ तनाव दृश्य भव्यता की बजाय गति और लय से निर्मित होता है.

केन्द्र के समान ग्रेच्युटी का भुगतान किया जाये : वर्मा

भोपाल, 20 जनवरी. केन्द्रीय कर्मचारियों को ग्रेच्युटी के भुगतान की सरकार ने घोषणा की. उसके बाद से मप्र में भी कर्मचारियों ने केंद्र के समान ग्रेच्युटी देने की मांग शुरू कर दी है. यह मांग अर्द्ध शासकीय अधिकारी-कर्मचारी सार्वजानिक उपक्रम संघ ने की है. अर्द्ध शासकीय अधिकारी-कर्मचारी सार्वजानिक उपक्रम संघ के प्रांताध्यक्ष अरुण वर्मा ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा अपने कर्मचारियों के लिए रुपये 25 लाख गेच्युटी के भुगतान का निर्णय लिया है. उसी प्रकार मध्यप्रदेश के कर्मचारियों को भी 25 लाख रुपये ग्रेच्युटी का भुगतान होना चाहिए. इस मांग का समर्थन अनेकों कर्मचारियों एवं संगठनों ने किया है.

कानपुर सेंट्रल से एलटीटी के बीच साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

▶ बल्कि कानपुर-लातूर (लोनावला) स्पेशल ट्रेन का संचालन

भोपाल,20 जनवरी. पश्चिम मध्य रेलवे ने यात्रियों की सुविधा और अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए कानपुर सेंट्रल और लोकमान्य तिलक टर्मिनस के बीच साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन 04151/04152 का संचालन करने की घोषणा की है. यह ट्रेन भोपाल मंडल के इटारसी होकर चलेगी.

कानपुर सेंट्रल से गाड़ी संख्या 04151 30 जनवरी से 27 फरवरी 2026 तक प्रत्येक शुक्रवार को चलेगी और कुल 5 फेरे पूरे करेगी. वापसी में लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 04152 31 जनवरी से 28 फरवरी 2026 तक प्रत्येक शनिवार को प्रस्थान करेगी. इस स्पेशल ट्रेन में कुल 24 कोच होंगे. इटारसी स्टेशन पर 04151 की ठहराव समय 03:25 से 03:35 तक और 04152 की ठहराव समय 02:55 से 03 तक रहेगा. ट्रेन के ठहराव स्टेशन फतेहपुर, सिराथू, भरवारी, प्रयागराज, डभौरा, सतना, कटनी, जबलपुर, इटारसी, भुसावल और इगतपुरी हैं. रेलवे ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि यात्रा से पहले एनटीईएस, अधिकृत वेबसाइट या नजदीकी स्टेशन से समय-सारणी की पुष्टि कर लें.

वन स्टेशन वन प्रोडक्ट: भारतीय रेलवे के माध्यम से क्षेत्रीय पहचान का उत्सव

भारतीय रेलवे की 'वन स्टेशन वन प्रोडक्ट' (ओएसओपी) योजना ने स्थानीय शिल्प और उत्पादों को देशभर के रेलवे स्टेशनों पर पहुंचाकर क्षेत्रीय पहचान को मजबूत किया है. 19 जनवरी तक 2,002 स्टेशनों पर ओएसओपी आउटलेट स्थापित किए जा चुके हैं, जिनमें 2,326 आउटलेट चालू हैं. इस पहल से 1.32 लाख से अधिक कारीगरों, बुनकरों और छोटे उत्पादकों को प्रत्यक्ष आर्थिक अवसर मिले हैं और लाखों यात्रियों तक उनकी उत्पादकता का सीधा बाजार पहुंचा है. ओएसओपी केवल व्यापार नहीं, बल्कि सांस्कृतिक संरक्षण का भी माध्यम बन गया है. यह योजना पारंपरिक शिल्पों को पुनर्जीवित कर रही है—पूर्वोत्तर के मिट्टी के बर्तन, बांस के काम, विभिन्न क्षेत्रों के मसाले, हथकरघा, स्थानीय मिठाइयां आदि. यात्रियों को प्रत्येक स्टेशन पर उस क्षेत्र की विशिष्टता का अनुभव मिलता है. यह पहल 'वोकल फॉर लोकल' को साकार करती है और भारतीय रेलवे के नेटवर्क को स्थानीय उद्यमिता और समावेशी विकास का मंच बनाती है.

हमारी एकता से ही भारत होगा विश्वगुरु

बेगमगंज. सियावास नगर का संयुक्त हिंदू सम्मेलन मंगलवार को भव्यता के साथ संपन्न हुआ. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में पूरे प्रांत में 20 दिसंबर से 20 जनवरी के मध्य हिंदू सम्मेलनों का आयोजन मंडल एवं बस्ती स्तर पर किया जा रहा है. मंगलवार 20 जनवरी को बेगमगंज सियावास नगर का विशाल हिंदू सम्मेलन संपन्न हुआ. हिंदू सम्मेलन की तैयारी में सभी कार्यकर्ता 15 दिनों से लगे हुए थे. हिंदू परिवारों द्वारा पूर्व संध्या पर अपने घरों के सामने दीपक जलाए गए तथा मंगलवार प्रातः काल में हिंदू परिवारों के अपने-अपने घरों के सामने रंगोली बनाने में माता बहनों में उत्साह रहा. सम्मेलन में सैकड़ों माताएं - बहनें तथा बच्चियां कलश यात्रा में शामिल हुईं. वहीं कुछ बहनें मां दुर्गा तथा झांसी की रानी के स्वरूप में घोड़े पर सवार होकर चल रही थीं. हिंदू सम्मेलन में गोपूजन, गणेश पूजन भी किया गया. कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आरएसएस के प्रांत प्रचारक विमल गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा हिंदू समाज की सभी समस्याओं का केवल और केवल एक ही निराकरण है, उलझे उलझे प्रश्नों का है उत्तर केवल एक हिंदू हम सब एक हो जाएं.

डिमांड नोटिस

जबकि एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड (नीचे बताए गए ट्रस्टों के लिए ट्रस्टी के तौर पर काम करते हुए) (जिसे इसके बाद "ARCIL" कहा जाएगा) कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत रजिस्टर्ड है और सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 (जिसे इसके बाद "SARFAESI एक्ट" कहा जाएगा) के तहत भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ एक एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी के तौर पर रजिस्टर्ड है और जबकि नीचे दिए गए चार्ट के कॉलम नंबर 2 में बताए गए कर्जदार/सह-कर्जदारों ने IIFL-होम फाइनेंस लिमिटेड, जो मूल कर्जदाता हैं, से लोन लिया था और जबकि ARCIL ने नीचे बताए गए लोन खातों से संबंधित फाइनेंशियल एसेट्स हासिल कर लिए हैं और जबकि ARCIL SARFAESI एक्ट के तहत सुरक्षित लेनदार है, और उक्त एक्ट की धारा 13(2) के तहत दी गई शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए, सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स 2002 के नियम 2 के साथ, नीचे बताए गए कर्जदारों/सह-कर्जदारों को डिमांड नोटिस जारी किया गया है, जिसमें उन्हें नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर नोटिस में बताई गई राशि को उस पर लगने वाले ब्याज के साथ चुकाने के लिए कहा गया है, लेकिन कुछ लोगों को अलग-अलग कारणों से नोटिस नहीं दिए जा सके.

ट्रस्ट का नाम Arcil Trust 2026-015

देनदारों/गारंटरों का नाम	डिमांड नोटिस तिथि व राशि	सिक्योर्ड एसेट विवरण (अचल संपत्ति)
श्रीमती कुसुम श्री प्रदीप कुमार मां विंध्यवासिनी क्लीनिक (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल 10204620)	5 जनवरी 2026 रु. 1482366.02 (रु. चौदह लाख बयासी हजार तीन सौ छियासठ और पैसा दो मात्र)	संपत्ति का पूरा टुकड़ा और पार्सल- मकान नंबर 162, वार्ड नंबर 17 नया 23, शीतल सिटी, मंडीदीप, गौहरगंज रायसेन, मध्य प्रदेश 462046 क्षेत्रफल (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्र, निर्मित_क्षेत्र संपत्ति का क्षेत्रफल- 480.00, 626.00
श्री अनिल कुमार सुमन श्रीमती साधना सुमन दीपक फ्लावर डेकोरेशन (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल 10253403)	6 जनवरी 2026 रु. 639906.75 (रु. छह लाख उन्चालीस हजार नौ सौ छह और पैसा पिचहत्तर मात्र)	संपत्ति का पूरा टुकड़ा और पार्सल- प्लॉट नंबर D-19, सर्वे नंबर 18/2/7/3/1/2, ग्राम-डाबर, पी.एच.एन.67 (नया-08), विदिशा, मध्य प्रदेश 464001 क्षेत्रफल (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- क्षेत्रफल संपत्ति का क्षेत्रफल- 600

इसलिए, ऊपर बताए गए उधारकर्ताओं/सह-उधारकर्ताओं को यह नोटिस दिया जाता है, जिसमें उनसे कहा जाता है कि वे इस नोटिस के पब्लिकेशन के 60 दिनों के अंदर, संबंधित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता के खिलाफ ऊपर दिखाई गई कुल बकाया राशि का पेमेंट करें. यदि संबंधित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता कुल बकाया राशि का पेमेंट आगे के ब्याज के साथ करने में विफल रहते हैं, तो ARCIL ऊपर बताई गई प्रॉपर्टी पर सिक्योरिटी इंटरेस्ट को लागू करने के लिए धारा 13(4) के तहत कार्रवाई करने के लिए मजबूर होगा, अधिनियम और उसके तहत बनाए गए नियमों के अनुसार अन्य तरीकों से नोटिस देने के लिए भी कदम उठाए जा रहे हैं. आपको सूचित किया जाता है कि SARFAESI अधिनियम की धारा 13(8) में बताए अनुसार, सार्वजनिक नीलामी या बिक्री द्वारा ट्रांसफर के लिए निजी समझौते के नोटिस के पब्लिकेशन की तारीख से पहले किसी भी समय, Arcil द्वारा किए गए खर्चों, शुल्कों और व्ययों के साथ पूरी बकाया राशि का पेमेंट करके उक्त गिरवी को भुनाया जा सकता है. ध्यान दें कि SARFAESI अधिनियम की धारा 13(13) के अनुसार, आपको इसके द्वारा सुरक्षित प्रॉपर्टी को किसी भी तरह से बिक्री, पट्टे या किसी अन्य तरीके से ट्रांसफर करने और/या उससे निपटने से रोका जाता है.

स्थान : भोपाल
दिनांक : 21.01.2026

हस्ताक्षर/-अधिकृत अधिकारी
एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड (ट्रस्टी के रूप में)

एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड
सीआईएन नंबर-65999MH2002PLC134884 वेबसाइट : www.arcil.co.in रजिस्टर्ड ऑफिस- द रुबी, 10वीं मंजिल, 29 सेनापति बापट मार्ग, दादर (पश्चिम), मुंबई-400028. Tel- +91 2266581300.

उपनाम परिवर्तन सूचना

मै शोभा उके SHOBHA पति शंकर उके मै भारत के संविधान के अनुच्छेद 19 के अंतर्गत प्रावधानो के आधार पर मैने अपना उपनाम शोभा बौद्ध SHOBHA BOUDDH मे परिवर्तन कर लिया है भविष्य मे मुझे शोभा बौद्ध SHOBHA BOUDDH के नाम से जाना व पहचाना जावे। आवेदक : शोभा उके नया नाम शोभा बौद्ध निवासी : सी-287, न्यू मिनाल रेसीडेन्सी, जे के रोड भोपाल म. प्र 462023

उपनाम परिवर्तन सूचना

मै शंकर उके SHANKAR पिता जगन्नाथ मै भारत के संविधान के अनुच्छेद 19 के अंतर्गत प्रावधानो के आधार पर मैने अपना उपनाम शेखर बौद्ध SHEKHAR BOUDDH मे परिवर्तन कर लिया है भविष्य मे मुझे शेखर बौद्ध SHEKHAR BOUDDH के नाम से जाना व पहचाना जावे। आवेदक : शंकर उके नया नाम शेखर बौद्ध निवासी : सी-287, न्यू मिनाल रेसीडेन्सी, जे के रोड भोपाल म. प्र 462023

उपनाम परिवर्तन सूचना

मै हेतराम HETRAM पिता लज्जाराम मै भारत के संविधान के अनुच्छेद 19 के अंतर्गत प्रावधानो के आधार पर मैने अपना उपनाम हेतराम बौद्ध HETRAM BAUDH मे परिवर्तन कर लिया है भविष्य मै मुझे हेतराम बौद्ध HETRAM BAUDH के नाम से जाना व पहचाना जावे। आवेदक :हेतराम HETRAM नया नाम हेतराम बौद्ध HETRAM BAUDH निवासी :कैलास नगर सी टी ओ बैरागढ़ भोपाल म. प्र. 462030

उपनाम परिवर्तन सूचना

मै श्रीकांत शहारे SHRIKANT SHAHARE पिता भिमराव शहारे मै भारत के संविधान के अनुच्छेद 19 के अंतर्गत प्रावधानो के आधार पर मैने अपना उपनाम श्रीकांत बौद्ध SHRIKANT BOUDDH मै परिवर्तन कर लिया हैभविष्य मे मुझे श्रीकांत बौद्ध SHRIKANT BOUDDH के नाम से जाना व पहचाना जावे। आवेदक श्रीकांत शहारे नया नाम श्रीकांत बौद्ध निवासी :3-ए, बसंत कुंज अयोध्या बाईपास रोड, भोपाल म. प्र 462041

उपनाम परिवर्तन सूचना

मै उर्मिला शहारे URMILA SHAHARE पति भिमराव शहारे मै भारत के संविधान के अनुच्छेद 19 के अंतर्गत प्रावधानो के आधार पर मैने अपना उपनाम उर्मिला बौद्ध URMILA BOUDDH मै परिवर्तन कर लिया है भविष्य मे मुझे उर्मिला बौद्ध URMILA BOUDDH के नाम से जाना व पहचाना जावे। आवेदक : उर्मिला शहारे नया नाम उर्मिला बौद्ध निवासी :3-ए, बसंत कुंज अयोध्या बाईपास रोड, भोपाल म. प्र 462041

नाम परिवर्तन

मैं AZIZ ASMA SIDDIQUI पहले मेरा नाम ASMA AZIZ SIDDIQUI था. मैंने अपना नाम बदलकर AZIZ ASMA SIDDIQUI कर लिया है. अतः अब मुझे मेरे नए नाम AZIZ ASMA SIDDIQUI से जाना व पहचाना जाए. पता- H. NO. 156, AIRPORT ROAD PANCHVATI COLONY BHOPIAL (MP)

R.N.- 58404

उपनाम परिवर्तन सूचना

मै भिमराव शहारे BHIMRAO SHAHARE पिता चिंतामन मै भारत के संविधान के अनुच्छेद 19 के अंतर्गत प्रावधानो के आधार पर मैने अपना उपनाम भिमराव बौद्ध BHiMRAO BOUDDH मै परिवर्तन कर लिया हैभविष्य मे मुझे भिमराव बौद्ध BHiMRAO BOUDDH के नाम से जाना व पहचाना जावे। आवेदक : भिमराव शहारे नया नाम भिमराव बौद्ध निवासी :3-ए, बसंत कुंज अयोध्या बाईपास रोड, भोपाल म. प्र 462041

उपनाम परिवर्तन सूचना

मै राजबीर सिंह गहलोत RAJBEER SINGH GAHALOT मैंने भारत के संविधान के अनुच्छेद 19 के अंतर्गत प्रावधानो के आधार पर मैने अपना नाम परिवर्तन कर संघबोधि SANGHBODHI कर लिया है भविष्य मै मुझे राजबीर सिंह गहलोत के स्थान पर संघबोधि SANGHBODHI के नाम से जाना व पहचाना जावे। आवेदक : राजबीर सिंह गहलोत नया नाम संघबोधि निवासी: कमल विहार दोहरी रोड अम्बाह जिला मुरैना (म. प्र)

न्यायालय तहसीलदार, तहसील-कोलार, जिला भोपाल

प्रकरण कमांक 132/अ-3/25-26

उद्घोषणा-पत्र

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्रीमती उर्मिला सिंह पत्नी डा. शंकर प्रताप सिंह निवासी 361 फेस-1 रोहित नगर भोपाल म.प्र.भू.रा. सहिंता 1959 की धारा 68 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम बंगरसिया प.ह.न.-..... स्थित भूमि खसरा नंबर 194 रकबा 395.91 वर्गमीटर भूमि का बटान राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम पर किये जाने का अनुरोध किया है.

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 02/02/26 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है. समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 19/01/26 को जारी किया गया.

(सील) तहसीलदार
तहसील-कोलार भोपाल

न्यायालय तहसीलदार, तहसील-कोलार, जिला भोपाल

प्रकरण कमांक /अ-3/25-26

उद्घोषणा-पत्र

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्रीमती सेवंती कुंभारे पत्नी श्री श्रवण जी कुंभारे निवासी 198 श्रीराम कालोनी मिसरोद म.प्र.भू.रा. सहिंता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्र.... दिनांक.... ग्राम बंगरसिया प.ह.न.-..... स्थित भूमि खसरा नंबर 194 रकबा 3766 वर्गफुट भूमि का बटान राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम पर किये जाने का अनुरोध किया है.

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 02/02/26 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है. समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 19/01/26 को जारी किया गया.

(सील) तहसीलदार
तहसील-कोलार भोपाल

न्यायालय तहसीलदार, तहसील-कोलार, जिला भोपाल

प्रकरण कमांक 86/अ-3/25-26

उद्घोषणा-पत्र

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्रीमती विजया माने पत्नी श्री राजकुमार माने निवासी 285 हाऊसिंग बोर्ड कालोनी नारियल खेड़ा भोपाल म.प्र.भू.रा. सहिंता 1959 की धारा 68 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय/ग्राम बंगरसिया प.ह.न.-..... स्थित भूमि खसरा नंबर 194, 195 रकबा 297.50 वर्गमीटर भूमि का बटान राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम पर किये जाने का अनुरोध किया है.

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 02/02/26 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है. समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 19/01/26 को जारी किया गया.

(सील) तहसीलदार
तहसील-कोलार भोपाल

न्यायालय तहसीलदार, तहसील-कोलार, जिला भोपाल

प्रकरण कमांक /अ-3/25-26

उद्घोषणा-पत्र

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्रीमती मीना जॉय डेनियल पत्नी जॉय डेनियल निवासी -जी-41, फार्च्यून ग्लोरी बावड़ियाकला, भोपाल. म.प्र.भू.रा. सहिंता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्र. .... दिनांक.... ग्राम बंगरसिया प.ह.न.-..... स्थित भूमि खसरा नंबर 194 रकबा 4024 वर्गफुट भूमि का बटान राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम पर किये जाने का अनुरोध किया है.

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 02/02/26 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है. समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 19/01/26 को जारी किया गया.

(सील) तहसीलदार
तहसील-कोलार भोपाल

कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति हेतु) नियम 8 (1)

क्योंकि अधोहस्ता. आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लि.) (आईआईएफएल एचएफएल) के सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन आफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत व सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम, 2002 के नियम 3 के सहपठित सेक्शन 13 (12) के तहत शक्तियों के पालन में कंपनी के प्रा. अधिकारी के निम्न देनदारों/सह-देनदारों को उक्त नोटिस प्राप्ति तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में कथित राशि चुकाने को कहा था. देनदार राशि नहीं चुका सके, अतः देनदारों व जनता को सामान्यतया नोटिस दी जाती है कि अधोहस्ता. ने उक्त नियमों के नियम 8 के सहपठित उक्त एक्ट की सेक्शन 13 (4) के तहत शक्तियों के पालन में निम्न संपत्ति का कब्जा ले लिया है. देनदारों व जनता को संपत्ति से लेनदेन नहीं करने को आगाह किया जाता है व संपत्ति से कोई भी लेनदेन निम्न राशि व उस पर ब्याज हेतु आईआईएफएल एचएफएल की देनदारी के अधीन होगा. देनदारों का ध्यान एक्ट की सेक्शन 13 की सब स्टेशन (8) के प्रावधानों की ओर आमंत्रित है. यदि देनदार ट्रांसफर या बिक्री हेतु तय तिथि से पहले किसीभी समय लागत, चार्ज व खर्चों सहित 'आईआईएफएल एचएफएल' के बकायों को क्लियल कर देता है तो सिक्योड एसेट को 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा नहीं बेचा जाएगा व सिक्योर्ड एसेट की ट्रांसफर या बिक्री हेतु 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा.

देनदारों / सहदेनदारों का नाम	सिक्योर्ड एसेट अचल संपत्ति विवरण	कुल बकाया.... रु.	डिमांड नोटिस तिथि	कब्जा तिथि
श्री नरेंद्र सिंह घोषी श्रीमती निशाबाई घोसी ड्राइविंग (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10258765)	खसरा क्रमांक 483, पटवारी हल्का क्रमांक 157, ग्राम किल्हई, तहसील एवं जिला सागर, मध्य प्रदेश, पिन क्रमांक 470120 क्षेत्रफल (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार भूमि क्षेत्रफल, कालीन क्षेत्रफल, निर्मित क्षेत्रफल संपत्ति क्षेत्रफल- 900.00, 250.00, 396.00	रु. 368071 (रु. तीन लाख अड़सठ हजार इकहत्तर मात्र)	07-10-2025	17/01/2026
श्री राजू सेन श्रीमती राजबाई प्रशांत सैलून (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10315150)	खसरा क्रमांक 82, पटवारी हल्का क्रमांक 20, क्षेत्रफल 900 वर्ग फुट, समनापुर, केसली, तहसील एवं जिला सागर, मध्य प्रदेश, पिन क्रमांक 470235 क्षेत्रफल (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि, कालीन क्षेत्रफल, निर्मित क्षेत्रफल संपत्ति का क्षेत्रफल- 900.00, 520.00, 651.00	रु. 235157/- (रु. दो लाख पैंतीस हज़ार एक एक सौ सत्तावन मात्र)	09-10-2025	16/01/2026
श्री राहुल पालीवाल श्रीमती भावना पालीवाल राहुल रेस्टोरेंट (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10352649)	खसरा क्रमांक 148, पटवारी हल्का क्रमांक 40, क्षेत्रफल 1200 वर्ग फुट, स्थान- कुंभराज, तहसील और जिला- गुना, मध्य प्रदेश, पिन क्रमांक 473222 वर्ग फुट में क्षेत्रफल- संपत्ति का प्रकार-- भूमि क्षेत्र, कालीन क्षेत्र, निर्मित क्षेत्र--1200.00, 480.00, 600.00	रु. 589408/- (रु. पांच लाख नवासी हजार चार सौ आठ मात्र)	18-09-2025	17/01/2026
श्री राजेश कुमार मीना श्री इंदर सिंह श्रीमती पिंकी बाई मीना राजेश कुमार मीना (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10400092)	पटवारी हल्का नंबर 21, खसरा नंबर 147, ग्राम देहरी में स्थित, चांचौड़ा/कुंभराज, गुना, मध्य प्रदेश, भारत, 473222 क्षेत्र माप (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्रफल, बिल्ट_अप_एरिया, कारपेट_एरिया संपत्ति क्षेत्र- 600.00, 450.00, 360.	रु. 437887 (रु. चार लाख सैंतीस सात हज़ार आठ सौ सत्तासी मात्र)	25-03-2025	17/01/2026
श्री मनोहरलाल कुर्मी श्रीमती शशिकला कुर्मी कुर्मी किराना स्टोर (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10401896)	खसरा क्रमांक 144, पटवारी हल्का क्रमांक 2, क्षेत्रफल 900 वर्ग फुट मोहसा, केसली, तहसील और जिला सागर, मध्य प्रदेश, भारत, पिन क्रमांक 470221. क्षेत्रफल (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि क्षेत्र, कालीन क्षेत्र, निर्मित क्षेत्र क्षेत्रफल-0 900.00, 392.00, 484.00	रु. 358088 (रु. तीन लाख अट्ठावन हजार अट्ठासी मात्र)	22-09-2025	16/01/2026
श्री नीरज कोरी श्रीमती रजनी कोरी स्टील बर्तन दुकान (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10408098)	खसरा-564, मकान संख्या 56, वार्ड संख्या 02, जैसीनगर, तहसील जैसीनगर, जिला सागर, मध्य प्रदेश, भारत, पिन संख्या 470125 क्षेत्रफल (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि क्षेत्र, कालीन क्षेत्र, निर्मित क्षेत्र. संपत्ति का क्षेत्रफल- 900.00, 288.00, 350.00	रु. 300079 (रु. तीन लाख उन्यासी मात्र)	23-09-2025	17/01/2026
श्रीमान शिवराज सिंह जी यादव श्रीमती विशाखा बाई यादव (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10528174)	पी.एच.एन 17, खसरा नं. 103, ग्राम खैराई, राघोगढ़, गुना, मध्य प्रदेश, भारत, 473287, क्षेत्रफल (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्रफल, कालीन_क्षेत्रफल, निर्मित_क्षेत्रफल संपत्ति का क्षेत्रफल- 900.00, 712.00, 890.00	रु. 392681 (रु. तीन लाख बानवे हजार छह सौ इक्यासी मात्र)	09-04-2025	17/01/2026
श्री शिवराज यादव जी अभिषेक यादव श्रीमती मोहनी यादव किराना दुकान (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10543953)	खसरा क्रमांक 159/2, ग्राम देहाचुआ, तहसील केसली, जिला सागर, मध्य प्रदेश, भारत, पिन क्रमांक 470442 क्षेत्रफल (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि क्षेत्र, कालीन क्षेत्र, निर्मित क्षेत्र- 362.00, 266.00, 333.00	रु. 40138 (रु. चालीस हज़ार एक सौ अड़तीस मात्र)	03-10-2025	16/01/2026
श्री ब्रजमोहन मीना श्री रामभरोसा मीना श्रीमती हल्की बाई मीना (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10546507)	सर्वे नंबर 382, पीएच नंबर 63, ग्राम मुंद्रा हनुमान, तहसील बामोरी, जिला गुना, मध्य प्रदेश, भारत, 473105। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में)0 संपत्ति का प्रकार- भूमि क्षेत्र, निर्मित क्षेत्र, कालीन क्षेत्र संपत्ति क्षेत्र- 3000.00, 1500.00, 1200.00	रु. 363945 (रु. तीन लाख तिरेसठ हजार नौ सौ पैंतालीस मात्र)	08-04-2025	17/01/2026
श्री गेंदा लाल धाकड़ श्री कल्याण सिंह जी बसंती बाई (प्रॉस्पेक्ट नं. आईए10680957)	सर्वे नंबर 159, फेज 27, नया नंबर 28, ग्राम पंचौरा, झागर, पंचौरा, तहसील बामोरी, जिला गुना, मध्य प्रदेश, भारत, 473105 में स्थित मकान. क्षेत्रफल (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार भूमि क्षेत्रफल, कारपेट एरिया. संपत्ति का क्षेत्रफल- 1050.00, 828.00	रु. 574431/- (रु. पांच लाख चौहत्तर हजार चार सौ इकतीस मात्र)	06-10-2025	17/01/2026
श्री रामकुमार श्री माधो सिंह रघुवंशी श्रीमती गीता बाई श्रीमती साधना रघुवंशी रामकुमार (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10694408)	159, 10, शाजापुर, शाजापुर, नयाखेड़ा, शिव मंदिर, अशोकनगर, मध्य प्रदेश, भारत, 473446 क्षेत्र माप (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्रफल, कालीन_क्षेत्र संपत्ति क्षेत्र- 1500.00, 1150.00	रु. 431284 (रु. चार लाख इकतीस हज़ार दो सौ चौरासी मात्र)	03-10-2025	17/01/2026

विवरण हेतु संपर्क- प्रा. अधिकारी **ब्रांच आफिसः** 249, द इनफिनिटी, प्रथम तल, एम.पी. नगर, जोन-2, निकट तुलसी होटल, भोपाल-462001/ आईडीबीआई बैंक के ऊपर, मंडीदीप, मेन रोड-462046/प्रथम तल, होटल सूर्या के ऊपर, निकट प्लेटफआर्म नं. 1 रेलवे स्टेशन विदिशा-464001 /या **कार्पोरेट ऑफिस**- प्लॉट नं. 98, फेस-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा.

स्थान- भोपाल, दिनांक- 21-1-2026 — प्रा. अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड

कार्यालय आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन मध्यप्रदेश

क्रमांक- 8/स्टोर/सा./ फर्नीचर / 2025/329 भोपाल, दिनांक 16/01/2026

निविदा सूचना

कार्यालय आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन मध्यप्रदेश के उपयोगार्थ फर्नीचर क्रय करने संबंधी निविदा कमांक GEM/2026/B/7108467 एवं GEM/2026/B/7108554 दिनांक 15.01.2026 Gem Portal पर आमंत्रित की जा रही है। इच्छुक निविदाकार ऑनलाईन जैम पोर्टल के माध्यम से निविदा जमा करा सकते हैं।

(टीना यादव) रा.प्र.से
संयुक्त नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन मध्य प्रदेश

G24687/25

एम.पी. स्टेट एग्रो इण्डस्ट्रीज डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड

M.P. AGRO

पंचानन भवन, तृतीय तल, मालवीय नगर, भोपाल-462003
Ph. No. : 0755- 2551652, 2551756, Fax : 0755 2557305
E-Mail : mpagrohobpl@gmail.com, Website : www.mpstateagro.nic.in - CIN No. U01119MP1969SGC001055
मुख्या./आर.सी.ओ./उद्यान/2025-26/3610 भोपाल, दि. : 20.01.2026

रेट कॉन्ट्रेक्ट ऑफर (आर.सी.ओ) सूचना

निगम द्वारा वर्ष 2026-27 एवं आगे की अवधि के लिये निम्नानुसार सामग्रियों हेतु रेट कॉन्ट्रेक्ट ऑफर आमंत्रित किये जाते हैं :-

क्र.	सामग्री का नाम	आर.सी.ओ. प्रपत्र का मूल्य (जीएसटी सहित)	संकल्प धन राशि
1	जीवित केंचुए (Live Earthworm) के प्रदाय हेतु	रु. 11,800/-	रु. 2,00,000/-

आर.सी.ओ. में निर्दिष्ट अर्हताएं पूर्ण करने वाले उत्पादक/निर्माता/अधिकृत डिस्ट्रीब्यूटर/डीलर से ई टेन्डरिंग के अन्तर्गत दर प्रस्ताव संकल्प धनराशि के साथ दिनांक 12.02.2026 को अपरान्ह 3.00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं। विस्तृत जानकारी https://mpagro.org and www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध है। आरसीओ में भाग लिये जाने हेतु www.mptenders.gov.in का ही उपयोग किया जा सकेगा। रेट कॉन्ट्रेक्ट ऑफर में कोई संशोधन/परिवर्तन किये जाने की सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित न करते हुए केवल उपर्युक्त पोर्टल/वेबसाइट पर दी जाएगी।

म.प्र. माध्यम/124067/2026 — प्रबंधक (उद्यान)